महत्वपूर्ण एवं खास

पिस्टल, कारतूस व बटनचाकू के साथ एक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के सेजबहार थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक व्यक्ति को पिस्टल, जिंदा कारतूस व बटनचाकू क के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी लालाराम बंजारे पिता परदेशीराम (50 वर्ष)निवासी ग्राम रवेली मुजगहन के पास से 6 फरवरी को शाम 4.30 बजे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक नग पिस्टल 5 नग जिंदा कारतूस एवं एक नग बटनचाकू बरामद किया है। आरोपी के पास पिस्टल व जिंदा कारतूस कहा से आये इसके बारे में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है।

मुख्यमंत्री का बलौदाबाजार-मुंगेली दौरा रद्द

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आज बलौदाबाजार और मुंगेली जिले के दौरे को बेमौसम बारिश को देखते हुए रद्द कर दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल के तय कार्यक्रम के अनुसार आज वे दोपहर 12.30 बजे पुलिस परेड मैदान रायपुर से हैलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे दामाखेड़ा जिला बलौदाबाजार पहुंचने वाले थे। यहां उन्हें सदगुरू कबीर संत समागम समारोह में शामिल होना था। लेकिन खराब मौसम तथा बेमौसम हो रही बारिश को देखते हुए उनका बलौदाबाजार, मुंगेली जिले का दौरा रद्द कर दिया गया है।

ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

रायपुर (आरएनएस)। शहर के भाठागांव बिजली ऑफिस के सामने रिंग रोड पर 6 फरवरी को शाम 4.15 बजे ट्रक क्रमांक सीजी04एलके7132 के चालक ने गाड़ी को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए प्रार्थी गुरूदास तोलानी की मारूति कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध दर्ज किया है।

चोरी करने घर में घुसे युवक को मोहल्ले वालों ने पकड़ा, की पिटाई

रायपुर (आरएनएस)। शहर के बसदेवापारा रामकुण्ड में आधी रात को एक घर में चोरी की नियत से घुसा युवक को घर के सदस्यों द्वारा देखकर शोर मचाने पर उक्त आरोपी को मोहल्लेवासियों ने पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। आजाद चौक थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बसदेवापारा निवासी श्रीमती नंदरानी वासुदेव के घर में बीती आधी रात में आरोपी राहुल उर्फ खली बली ढीमर पिता भुनेश्वर (35 वर्ष) निवासी रामकुण्ड चोरी की नियत से घुसा था। इससे पहले की आरोपी घर में चोरी कर पाता घर के सदस्य जाग गए और आरोपी को देख लिया। इसके बाद आरोपी चोरी किए बगैर वहां से भागने लगा। लेकिन घर के सदस्यों के जोर से शोर मचाने पर मोहल्ले के अन्य लोग भी जाग गए और आरोपी को छत से कुदने के तुरंत बाद पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने इस घटना की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 457 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का चौथा आयोजन 10 से

» प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक महोत्सव में पहुंचेंगे

रायपुर (आरएनएस)। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ फिल्म एवं विजुअल आर्ट सोसायटी रायपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का चौथा आयोजन 10 से 14 फरवरी के मध्य संस्कृति विभाग परिसर में आयोजित किया गया है। उक्त महोत्सव में देश के प्रसिद्ध निर्माता निर्देशकों में सुधीर मिश्रा, तिगमांशु धुलिया, प्रसिद्ध फिल्म कलाकार प्रेम चोपड़ा, यशपाल शर्मा, हंसल मेहता एवं पवनी पांडेय शिरकत करेंगे। सोसायटी में जनमंच रायपुर की प्रमुख भूमिका रहेगी। उक्त जानकारी अमित जैन, हेमंत यादव, प्रतीक श्रीमोर, महेंद्र सिंह राजपूत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

दो जगहों पर जुआ खेलते 5 पकड़ाए

रायपुर (आरएनएस)। शहर में अलग-अलग दो जगहों पर जुआ खेलते हुए पांच लोगों को पकड़कर पुलिस ने उनके पास लगभग एक हजार रूपये एवं तासपत्ती बरामद किया है। पकड़ाए आरोपी में राहुल आहूजा पिता किशोर 21 वर्ष एवं अन्य एक को गली नंबर-3 तेलीबांधा और राजेश शर्मा पिता सतीश 36 वर्ष एवं अन्य दो को जनपत कार्यालय के पास आरंग से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट 13 के तहत कार्रवाई की है।

मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया भरी बरसात में नगर निगम क्षेत्र खाली पड़े जगहों का निरीक्षण किया

» गरीबों और छोटे व्यवसायियों का होगा व्यवस्थापन एवं पुनर्वास » कलेक्ट्रेट परिसर ऑक्सीजोन में स्थापित होगा शहीद नंदकुमार पटेल का आदमकद प्रतिमा

रायपुर (आरएनएस)। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया भरी बरसात में गरीबों और छोटे व्यवसायियों के व्यवस्थान एवं पुनर्वास के लिए नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर खाली पड़े जगहों का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत गरीबों, छोटे व्यवसायियों के लिए व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स और राजीव आवास योजना के तहत गरीबों के लिए मकान बनाया जाना है। डॉ. डहरिया ने इस उद्देश्य से शक्तीनगर स्थित मुख्य सड़क किनारे लगभग 11000 वर्ग फीट खाली जमीन का निरीक्षण कर उचित उपयोग करने के लिए अवलोकन किया वहीं कांपा स्थित लगभग 5000 वर्ग फीट खाली जमीन का निरीक्षण कर उचित उपयोग करने पर बल दिया। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने कलेक्टर परिसर ऑक्सीजोन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ऑक्सीजोन परिसर में शहीद नंदकुमार पटेल के आदमकद प्रतिमा स्थापित करने वाली स्थल का भी निरीक्षण किया। डॉ. डहरिया इसके बाद रजबंधा मैदान में प्रेस कॉम्प्लेक्स के पीछे खाली पड़ी जमीन का निरीक्षण किया। उन्होंने खाली जगह में दोनों ओर मुख्य मार्ग से जोड़ते हुए चमचमाती सड़क और बचे हुए शेष जगहों पर व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स बनाने के निर्देश मौके पर ही अधिकारियों को दिये। वे इसके बाद लालगंगा कॉम्प्लेक्स की पीछे मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड में स्थित राजीव आवास कॉम्प्लेक्स का अवलोकन किया। इन्होंने कॉम्प्लेक्स के किनारे खाली जमीन पर सुविधानुसार व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स बनाये जाने कार्ययोजना तैयार करने अधिकारियों को निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि रायपुर शहर के विधायक कुलदीप जुनेजा ने विधानसभा में खालसा स्कूल के सामने बस स्टैण्ड के पास हटाये गये 70 दुकानों के व्यवस्थापन की मांग की थी। डॉ. डहरिया ने नगर निगम रायपुर के खाली पड़े स्थानों का निरीक्षण कर इन छोटे व्यवसायियों का व्यवस्थापन और झोपड़ियों में निवासरत शहरी गरीब परिवार के लिए आवास उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। इसी कड़ी में आज नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने खाली पड़ी जमीन का निरीक्षण कर उचित उपयोग करने और अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार करने निर्देश दिया। इस मौके पर विधायक कुलदीप जुनेजा, रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, निगम आयुक्त सौरभ कुमार सहित दर्जन भर पार्षदगण उपस्थित थे।

हाईकोर्ट ने कहा-व्यक्ति विशेष के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने नहीं दिया कोई आदेश

» समाज कल्याण विभाग में गड़बड़ी का मामला

» पूर्व आईएएस बीएल अग्रवाल, सतीश पांडेय की रिव्यू पिटीशन कोर्ट ने किया खारिज

बिलासपुर (आरएनएस)। समाज कल्याण घोटाला मामले में कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कोर्ट ने किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ अपराध दर्ज करने का आदेश नहीं दिया है। हालांकि इस मामले में तत्कालीन मुख्य सचिव ने अपने शपथपत्र में अनियमितताओं को स्वीकार किया था। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सीबीआई को प्रकरण की जांच करने के पश्चात दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।

ज्ञात हो कि कल इस मामले में रिव्यू पिटीशन पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि हमने किसी अफ सर विशेष के खिलाफ एफआईआर के आदेश नहीं दिए हैं। कोर्ट ने आगे कहा है कि हमारे समक्ष यह बात आई भी नहीं है कि गड़बड़ी में किसकी क्या भूमिका रही है। कोर्ट ने प्रकरण में आर्थिक गड़बड़ी की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई को आदेश दिए हैं। ऐसा करने का कोर्ट को संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। जस्टिस प्रशांत मिश्रा और जस्टिस पीपी साहू की बैंच ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता अपने खिलाफ एफ आईआर का आदेश होने की आशंका के चलते आये है जबकि पूर्व के आदेश में ऐसा कुछ नहीं है। कोर्ट ने आगे कहा कि मुख्य सचिव ने खुद अपने शपथ पत्र संस्थान में अनियमितताओं को स्वीकारा है।

हिंदू युवा मंच ने गुटखों पर प्रतिबंध लगाने के लिए खाद्य नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

रायपुर (आरएनएस)। हिंदू युवा मंच के जिलाध्यक्ष प्रणय तिवारी के नेतृत्व में नवा रायपुर स्थित इंद्रावती भवन में संघ के सदस्यों ने खाद्य नियंत्रक सत्यनारायण राठौर को गुटखों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

जारी विज्ञप्ति में तिवारी ने बताया कि प्रदेश के हर पान ठेलों गुमटियों में मानव शरीर के लिए घातक बीमारियों को पैदा करने वाले खतरनाक रसायन से युक्त मैग्निशियम कार्बोनेट से बने गुटखे रजनीगंधा, विमल, राजश्री, आरएमडी, पानपराग, पान बहार, तानसेन, मुसाफिर, वाह, नजर सहित अनेक कंपनियों के ब्रांडेड गुटखे बेचे जा रहे हैं जो कैंसर जैसी भयावह बीमारी की चपेट में लेकर आमजनता के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। मंच के सदस्यों ने महाराष्ट्र, दिल्ली, राजस्थान, बिहार, बंगाल, आंध्रप्रदेश सहित अन्य राज्यों में जब तक गुटखों पर प्रतिबंध नहीं लगेगा तब तक अपना आंदोलन जारी रखने की बात कहीं। ज्ञापन सौंपने वालों में अजय देवांगन, संजय देवांगन, प्रतीक दुबे, मयंक कोसरे, विपुल मिर्धा सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

एनिमेशन के जरिए बच्चे करेंगे पढ़ाई

» प्रधानपाठकों और संकुल समन्वयकों को बतायी डिजिटल माध्यम से शिक्षण की विधियां

रायपुर (आरएनएस)। राज्य के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाओं के बच्चों के एनिमेशन के प्रति रूचि को देखते हुए अब उन्हें इसी पैटर्न पर पढ़ने नई तकनीक का इस्तमाल किया जा रहा है।

जटिल टॉपिक को रूचिकर बनाने के लिए जिज्ञासा परियोजना अंतर्गत कम्प्यूटर और मोबाइल के माध्यम से एनिमेशन द्वारा कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को शिक्षा दिए जाने का प्रावधान किया गया है। जिज्ञासा परियोजना के तहत चिन्हांकित स्कूलों में मनोरंजन के साथ-साथ पढ़ाई के लिए पाठ्यक्रम पर केन्द्रित अलग-अलग गेम बनाए गए हैं, जो एनिमेशन आधारित हैं।

जिज्ञासा परियोजना में राज्य के 200 प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूलों का चिन्हांकन किया गया है। इस परियोजना के तहत चयनित किए गए स्कूलों के बच्चों को एनिमेशन के माध्यम से पढ़ाया जाएगा। खेल-खेल में बच्चों को गतिविधियां सिखाई जाएगी। डिजिटल पैटर्न पर तैयार किए गए खेल ग्रामीण परिवेश में हैं, बच्चे टाईपिंग करना और माउस चलाना सिखेंगे।

बच्चे कम्प्यूटर फ्रैण्डली बने। जिज्ञासा परियोजना अंतर्गत रायपुर जिले के 90 स्कूलों के 140 प्रधानपाठक और संकुल समन्वयकों को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

राज्य समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर (आरएनएस)। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला की अध्यक्षता में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में राज्य समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी शिक्षा सत्र के लिए राज्य की शैक्षिक आवश्यकताओं पर विचार कर कार्ययोजना को अंतिम रूप प्रदान किया गया। यह बैठक प्रतिवर्ष खण्डवार क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान एनसीईआरटी भोपाल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में आयोजित की जाती है। बैठक में संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा पी.दयानंद, सहायक संचालक समग्र शिक्षा डॉ. एम. सुधीश उपस्थित थे।

दो इनामी नक्सली सहित 9 संदिग्ध गिरफ्तार

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले की पुलिस ने अलग-अलग जगह घेराबंदी कर 09 संदिग्ध को किया गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद इनमें से 5 लोगों के नक्सली होने का दावा पुलिस कर रही।

जिनमें 02 इनामी नक्सली शामिल हैं, अन्य 03 संदिग्ध नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। सोढ़ी भीमा और नंदा सोढ़ी पर 02-02 लाख के इनामी नक्सली हैं। पकड़े गये नक्सलियों पर हत्या , लूटपाट और आगजनी जैसे मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार नक्सली नंदा सोढ़ी के घर से पुलिस ने डेटोनेटर भी बरामद किया। दंतेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली के अलावा दर्जन भर नक्सली जो कि पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए, वे सभी पुलिस-सीआरपीएफ और जनप्रतिनिधियों की रेकी कर किसी बड़े घटना को अंजाम देने के लिए आये थे। सुरक्षा बलों ने बड़े अप्रिय वारदात की साजिश को नाकाम कर दिया है। जबकि 02 लाख के इनामी नक्सली नंदा सोढ़ी का कहना है कि वो बाजार में केला बेचने आया था, जिसे पुलिस ने नक्सली बताकर गिरफ्तार किया है।

छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज गहिरा मड़ई का आयोजन करेगा 9 को

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज द्वारा महादेव घाट रायपुर में रविवार सुबह 7 बजे से गहिरा मड़ई का आयोजन 9 फरवरी को किया गया है। उक्त मड़ई में यादवी शौर्य व पारम्परिक दोहों के साथ राउत नृत्य समाज के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर आयोजित पत्रकारवार्ता में समाज के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राकेश यादव प्रदेश सचिव चन्द्रहास यादव एवं राजेश यादव ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में राकेश ने बताया कि उनका समाज भगवान श्रीकृष्ण का वंशज है। यादव जाति उत्सव धर्मी जाति है।

» छत्तीसगढ़ राज्य का राउत नृत्य को राज्य नृत्य का दर्जा देने सहित 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौपा

नृत्य गीत और संगीत यादवी लहू में बसा है। उन्होंने कहा नाचता वहीं है जो राग द्वेश से मुक्त हो, गाता वहीं है जो प्रेम रस में विभोर हो, और बजाता वहीं है जिसे जीवन मृत्य की ताल की पहचान हो। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज द्वारा हॉल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर राउत नृत्य को छत्तीसगढ़ राज्य का राज्य नृत्य घोषित करने सहित 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर समाज के हित में मांगे तत्काल प्रभाव से पूर्ण करने की गुजारिश की गई है।

समाज के कार्यक्रम मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आने की संभावना है, जबकि विशेष अतिथि रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय, दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल, ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा होंगे।

बारिश के बाद धान खरीदी केंद्रों में छाई अव्यवस्था, सीएम ने दिए निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मौसम में हुए बदलाव के बाद गुरुवार रात प्रदेश के कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई है। बारिश के बाद शहरों और ग्रामीण अंचलों में जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं, दूसरी ओर बारिश के चलते धान खरीदी केंद्रों में धान की खरीदी रूक गई है। बताया जा रहा है कि बारिश के बाद धान खरीदी केंद्रों में जलभराव की स्थिति बन गई है, जिसके चलते किसान अपना धान नहीं बेच पा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर सहित आस-पास के इलाके के धान खरीदी केंद्रों में आज धान की खरीदी बंद है। बारिश के बाद धान खरीदी केंद्रों में जल भराव की स्थिति बनी हुई है। वहं, कुछ जगहों में जमीन गिली होने के चलते भी किसानों को धान बेचने में दिक्कत आ रही है। सहकारी समितियों की लापरवाहीः सरकार ने धान खरीदी केंद्रों को खरीदी शुरू होने से पहले ही सुरक्षा और बारिश से धान को बचाने के लिए पुख्ता इंतेजाम करने के निर्देश दिए थे, लेकिन उनकी पोल एक ही बारिश में खुल गई है। अब सहकारी समितियों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। सीएम भूपेश बघेल ने दिए निर्देश : हालांकि सीएम भूपेश बघेल ने धान खरीदी केंद्रों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जो किसान बारिश के चलते अपना धान नहीं बेच पाए हैं, उन्हें फिर से टोकन जारी करें। लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि सरकार किसानों के धान की खरीदी 15 फरवरी तक करेगी और ऐसे हालात में किसानों का पूरा धान कम समय में खरीद पाना मुश्किल होगा।

एमजीएम प्रकरण में हाईकोर्ट ने कहा, शासन की जांच कार्यवाही विधि सम्मत

रायपुर (आरएनएस)। एमजीएम हॉस्पिटल में जांच के लिए पहुंची टीम के बैरंग लौटने के बाद अब शासन -प्रशासन ने अस्पताल प्रबंधन पर अपना शिकंजा और कड़ा करने का मन बना लिया है। दूसरी ओर हाईकोर्ट ने भी इस मामले में शासन-प्रशासन की कार्यवाही को उचित मानते हुए अस्पताल की ओर से याचिकाकर्ताओं को कार्यवाही में अपना पूर्ण सहयोग देने का निर्देश दिया है।

हाईकोर्ट की सेंगल बेंच में आज न्यायाधीश पी. सैम कोशी की अदालत में याचिका क्रमांक डब्ल्यूपीसी 568-2019 मिक्की मेमोरियल ट्रस्ट विरुद्ध छत्तीसगढ़ शासन एवं अन्य पर सुनवाई हुई। याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि उपरोक्त प्रकरण मिक्की मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष यह कहते हुए पेश किया गया था कि शासन द्वारा बार-बार एमजीएम आई इंस्टीट्यूट का निरीक्षण बिना सुनवाई का अवसर दिए बिना एवं किसी भी शिकायत की जानकारी दिए बिना परेशान किया जा रहा है। याचिका में यह भी कहा गया कि पहले की शिकायत की प्रति जिसके कारण निरीक्षण किया जा रहा है प्रदान की जाए, इसके पश्चात कार्यवाही की जाए और समस्त जांच प्रक्रिया को खारिज किया जाए। शासन के द्वारा याचिकाकर्ता के उक्त दावों के जवाब में बताया गया कि समस्त कार्यवाही रजिस्ट्रार पब्लिक लोक न्यास अधिनियम की परिधि के अंदर किया जा रहा है। जिसमें मात्र याचिकाकर्ता से जानकारी चाही गई है। किंतु याचिकाकर्ता एवं पक्ष द्वारा कोई जानकारी प्रदान नहीं की गई।

जबकि जानकारी मांगने की शक्ति अधिनियम के तहत रजिस्ट्रार के पास है एवं किसी भी प्रकार का कोई कृत्य विधिक प्रावधानों के विपरीत जाकर नहीं किया गया है। याचिका केवल शासकीय कार्य में बाध उत्पन्न करने की मंशा से प्रस्तुत किया गया है, जिससे याचिकाकर्ता अपने विधि विरुद्ध किए गए कृत्यों को छिपा सके। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद यह कहा कि शासन न्यास अधिनियम के प्रावधानों का पालन करते हुए कर्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है, लिहाजा याचिकाकर्ता को शासन की जांच अथवा कार्यवाही में पूर्ण सहयोग करना चाहिए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU